wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-46 सागवाड़ा, रविवार, 10 अक्टूबर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## जिला स्तरीय वॉलीबोल प्रतियोगिता का आज समापन

**डूंगरपुर।** जिले के जिला वॉलीबोल संघ की ओर से शहर के लक्ष्मण मैदान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय वॉलीबोल प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में डूंगरपुर शहर के टीम ने शिशोद टीम को हराकर प्रतियोगिता के खिताब पर कब्ज़ा किया। इधर फ़ाइनल मुकाबले के बाद समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगरपरिषद सभापति अमृतलाल कलासुआ रहे वही जिला वॉलीबोल संघ के संरक्षक नानुराम माली ने समारोह की अध्यक्षता की। समारोह में अतिथियों ने विजेता व उपविजेता रही टीमो को शील्ड व नगद पुरूस्कार से पुरुस्कृत किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में जिलेभर की 36 टीमो ने भाग लिया था।

## केदारनाथ में छुपा था रीट पेपर लीक प्रकरण का मास्टरमाइंड बत्तीलाल

**जयपुर।** रीट पेपर लीक प्रकरण का मास्टरमाइंड बत्तीलाल मीणा केदारनाथ में छुपा हुआ था। राजस्थान SOG ने रविवार को केदारनाथ (उत्तराखंड) से गिरफ्तार कर लिया है। बत्ती लाल के साथ एक अन्य आरोपी को भी पकड़ा गया है। बत्तीलाल मीणा कांग्रेस और भाजपा नेताओं के साथ नजदीकी के चलते भी चर्चा में आया था। बत्तीलाल सवाईमाधोपुर जिले के ऐचर का रहने वाला है। यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक मोहन पोसवाल, के नेतृत्व में SOG टीम ने की है।

## बेरोजगार कला शिक्षा अभ्यर्थियो ने कला शिक्षको की भर्ती निकालने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** जिले के सहित प्रदेशभर में बेरोजगार कला शिक्षा अभ्यर्थियो ने कला शिक्षकों की भर्ती निकालने की मांग को लेकर रविवार को अनूठा प्रदर्शन किया। डूंगरपुर जिले सहित प्रदेशभर में कला शिक्षा अभ्यर्थियो ने अपने घरो पर ही चित्रकला प्रदर्शनी लगाकर प्रदर्शन किया और सरकार को चेताया। इस मौके पर डूंगरपुर शहर की आरएनटी कॉलोनी निवासी कला शिक्षा अभ्यर्थी अभिलाषा भावसार व रुपेश भावसार ने भी अपने घर पर पेन्टिंग लगाकर अनूठा प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया की प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 10 तक अनिवार्य कला शिक्षा ( चित्रकला, संगीत) विषय के शिक्षण, पुस्तकों, कला शिक्षकों के पद सृजित कर भर्ती की मांगों को लेकर 15 वर्षों से शान्तिपूर्ण अहिंसात्मक आन्दोलन करते आ रहै बेरोजगार कला शिक्षक अभ्यर्थी अपनी पेन्टिंग और वाद्ययन्त्रों के साथ शहीद स्मारक, जयपुर पर पांच कलाकार एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करना चाहते थे लेकिन प्रशासन ने कोरोना गाइडलाइन का हवाला देते हुए अनुमति देने से मना कर दिया। धरने प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिलने के कारण राजस्थान के बेरोजगार कला शिक्षक अभ्यर्थीयो ने अपने घरों से ही अपनी पेन्टिंग चित्रकला प्रदर्शनी व अन्य कला विधाओं द्वारा आज पुरे प्रदेश में अपने घरों से अनुठा कलात्मक विरोध प्रदर्शन किया।

## राउप्रावि भटवाड़ा में भामाशाहों ने बच्चों के लिए टेबल सेट दिए

**आसपुर।** सोशल मीडिया का उपयोग कर कैसे सकारात्मक काम के लिए किया जाता है इसका ताजा उदाहरण राउप्रावि भटवाड़ा में देखने को मिलता है। यहां वाट्सएप ग्रुप बना कर बच्चों के लिए टेबल सेट एकत्र किये गए। डूंगरपुर जिले आसपुर उपखंड की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भटवाडा के स्टाफ ने सोशल मीडिया का उपयोग कर बच्चों के अध्ययन के लिए टेबल के लिए भामाशाह तैयार किए। संस्था प्रधान ओमप्रकाश चौबीसा ने बताया की गणित विषय के अध्यापक करण सिंह सिसोदीया सहित स्टाफ ने सोशल मीडिया के ग्रुपों से भामाशाह को तैयार किया गया है। कार्यक्रम मे ह्यद्रष के सदस्य गजराज सिंह, तेज सिंह,रणजीत सिंह, भगवत सिंह, युवराज सिंह उपस्थित रहे इस दौरान संस्थाप्रधान ओमप्रकाश चौबीसा ने भामाशाहो का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी आशीष चोबीसा गोठडा ने दी।

# बांजना में फायरिंग कर लूटपाट करने वाले बांसवाड़ा के 2 लूटेरो ने ही साबला ओर पालोदा में ज्वैलरी व्यापारी से लूटपाट कबूली

### बांजना पुलिस की कार्रवाई पूरी होने के बाद प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लाएगी साबला पुलिस

**डूंगरपुर।** मध्यप्रदेश के बांजना में फायरिंग कर शराब ठेके से लूटपाट करने वाले दोनो आरोपियों ने ही डूंगरपुर के साबला व बांसवाडा के पालोदा में ज्वैलरी व्यापारी से लूटपाट की वारदात कबूल कर ली है। मामले में बांजना थाना पुलिस की ओर से गिरफ्तार किये गए दोनों आरोपी बांसवाडा जिले के है। बांजना थानाधिकारी रेवलसिंह भरडे ने बताया कि आरोपी सुनील पुत्र संतोष सरपोटा निवासी खेरड़ा थाना भूंगड़ा ओर दूसरा आरोपी चिराग पुत्र विक्रम मईड़ा निवासी कोटड़ा थाना दानपुर को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर राजस्थान में डूंगरपुर के साबला कस्बे में सर्राफा व्यापारी मोहनलाल भगोरिया व बांसवाडा जिले के पालोदा में पिस्तौल की नोंक पर ज्वैलरी लूट की वारदात कबूल कर ली है। साबला थानाधिकारी मनीष कुमार पुलिस टीम के साथ बांजना मे आरोपियों से पूछताछ के बाद लौट आये है।

बांजना पुलिस ने लूटपाट में 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि साबला में ज्वैलरी व्यापारी से लूटपाट में 3 आरोपी सीसीटीवी में दिखाई दे रहे है। ऐसे में फरार एक आरोपी के गुजरात मे होने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में पुलिस की टीम उसे गुजरात मे भी तलाश रही है। जल्द में तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी की भी संभावना है। इसके लिए पुलिस की टीमें लगातार प्रयास कर रही है। एमपी के बांजना में फायरिंग कर लूटपाट में गिरफ्तार आरोपी सचिन ओर चिराग को पुलिस वहां शराब के ठेके पर फायरिंग कर लूटपाट में मामले में छानबीन करेगी। बांजना पुलिस की कार्रवाई पूरी होने के बाद दोनों आरोपियों को डूंगरपुर के साबला पुलिस प्रोडक्शन वारंट के जरिये गिरफ्तार कर डूंगरपुर लाएगी ओर आगे की पूछताछ की जाएगी। साबला में ज्वैलरी व्यापारी से लूटपाट में बांजना की घटना के आरोपी सचिन व चिराग के कबूलनामे के बाद अब पुलिस तकनीकी साक्ष्य जुटाने में लग गई है ताकि आरोपियों के किसी भी तरह से बचने की संभावनाए नहीं रहे। इसके लिए पुलिस उनकी कॉल डिटेल में साथ वारदात के दिन उनकी मोबाइल लोकेशन को खंगाला जा रहा है। इसके अलावा भी घटना से जुड़े तमाम साक्ष्य को जुटाया जा रहा है।

## घर पर हुई डिलीवरी के 4 दिन बाद एक प्रसूता की तबियत बिगड़ने पर मौत

**डूंगरपुर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में घर पर हुई डिलीवरी के 4 दिन बाद एक प्रसूता की तबियत बिगड़ने पर मौत हो गई 7 पुलिस के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के सती रामपुर निवासी सुरेश कोटेड ने बताया कि उसकी पत्नी केसर कोटेड (23 वर्ष) की 6 अक्टूबर को ससुराल सती रामपुर में घर पर सामान्य डिलेवरी हुई। केसर ने एक लड़के को जन्म दिया, जबकि 3 साल का एक बेटा पहले से है। डिलेवरी के बाद 9 अक्टूबर शनिवार को केसर के पिता जवाहरलाल कटारा निवासी खुमानपुरा उसके घर आये और बेटी को अपने घर ले जाकर देखभाल करने की बात कही, जिस पर ससुराल के लोगों ने भी केसर ओर नवजात को उनके साथ भेज दिया। सुरेश ने बताया कि आज रविवार सुबह उसके साले सोहन, धूलेश्वर व संजय कटारा ने फोन कर बताया कि केसर की तबियत खराब हो गई है। इस पर सुरेश अपने परिवार के लोगो के साथ खुमानपुरा ससुराल गया और बेसुध केसर को डूंगरपुर जिला अस्पताल लेकर आए। डॉक्टर ने जांच के केसर को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को डूंगरपुर अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पंहुची और घटना की जानकारी ली।

## उप नेता प्रतिक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कन्हैयालाल से की बात, अब करेंगे भाजपा के लिए प्रचार

### धरियावद विधानसभा में भाजपा के बागी कन्हैयालाल मीणा ने निर्दलीय नामांकन भरा था



**उदयपुर।** धरियावद विधानसभा में भाजपा के बागी कन्हैयालाल मीणा को भाजपा ने मना लिया है। नाराज हुए कन्हैयालाल और उनके समर्थकों ने भारी विरोध जताया था। उन्होंने निर्दलीय नामांकन भर मैदान में ताल ठोक दी थी। रविवार के दिन भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधानसभा में उप नेता प्रतिक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कन्हैयालाल से बातचीत की। राठौड़ ने पार्टी के साथ कन्हैयालाल को काम करने के लिए कहा। राठौड़ समझाइश में सफल हुए और तय हुआ कि संभवत- सोमवार को वे नामांकन वापस ले लेंगे। उनके साथ भाजपा नेता सुशील कटारा सहित अन्य पदाधिकारी भी थे। उल्लेखनीय है कि धरियावद के दिवंगत विधायक गौतमलाल मीणा के बेटे कन्हैयालाल की इस चुनाव में प्रबल दावेदारी थी। कन्हैयालाल ने बोला कि वे पार्टी मंच से हटकर अलग नहीं जाएंगे, पार्टी को मजबूत करने के लिए पिता ने आहूति दे दी ऐसे में मेरा काम भी पार्टी को मजबूत करना है, इसलिए निर्दलीय चुनाव नहीं लड़ेंगे।

## नवम्बर माह में प्रस्तावित राज्यस्तरीय सभा की तैयारियों को लेकर 24 को आसपुर में होगी बैठक

### बैठक में सुथार, पंचाल सोमपुरा, स्वर्णकार व कंसारा समाज के प्रतिनिधियों ने लिया भाग

**सागवाड़ा।** भगवान विश्वकर्मा पुत्र के पांचों समाज की बैठक आयोजित हुई । सुथार , पंचाल सोमपुरा, स्वर्णकार व कंसारा समाज के प्रतिनिधियों ने लिया भाग। सागवाडा ब्लॉक में रविवार को पहली बार भगवान विश्वकर्मा के पुत्र माने जाने वाले पांच समाजों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित हुई। गलियाकोट मोड़ बोर स्थित पंचाल समाज के भवन में सुथार , पंचाल सोमपुरा, स्वर्णकार व कन्सारा समाज के प्रतिनिधियों की बैठक हुई।



बैठक के मुख्यतिथि ललित पंचाल रहे वही अध्यक्षता ध्यानिलाल कंसारा ने की ओर विशिष्ट अतिथी रमेश सुथार , गंगाराम पंचाल, गिरीश सोमपुरा, गौरीशंकर सुथार व देवीलाल सुथार,सत्यनारायण सोनी, चंद्रकांता सुथार रहे। बैठक के शुरुआत में भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर फुलामाला ओर दिप प्रज्वलित कर हुई। बैठक में सभी आये सभी समाज के प्रतिनिधियों ने अपना परिचय दिया। वही बैठक में वक्ताओ ने सभी समाज की आपसी समन्वय सामंजस्य तथा एकता की आवश्यकता के बारे में चर्चा की। वही समाज सुधार को लेकर सभी ने अपने विचार व्यक्त किये ।

वही समाज मे शिक्षा और कला संस्कृति को कायम रखने पर जोर दिया ।आगामी नवम्बर माह में प्रस्तावित राज्यस्तरीय सभा की रूपरेखा तय करने के लिए 24 अक्टूबर रविवार को आसपुर मे पंचाल समाज के सभा भवन मे बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पांचों समाज से करीब 500 प्रतिनिधि भाग लेंगे । वही बैठक के लिये पंचाल समाज का भवन उपलब्ध करवाने के लिए आभार माना ।

बैठक का संचालन भगवतीलाल पंचाल ने किया,ओर आभार कल्पेश सुथार ने माना। इस अवसर पर राजेन्द्र पंचाल सामलिया, रमेशचंद्र सुथार सुरजगांव,धर्मिलाल कसारा, बंशीलाल पंचाल, नर्बदाशंकर सुथार, जितेंद्र सुथार सहित पांचों समाज के डूंगरपुर- बांसवाड़ा जिले के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पालिकाध्यक्ष खोडनिया ने उतारी आरती....



**सागवाड़ा।** नगर में नवरात्र पर मां की पूजा की जा रही है। रविवार को खटीकवाडा मोहल्ले में पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया, समाजसेवी ललित पंचाल ने अंबे माता प्रतिमा की पूजा - अर्चना कर सभी की सुख - समृद्धि और खुशहाली की कामना की। खटीक समाज द्वारा पालिकाध्यक्ष खोड़निया व पंचाल का पगड़ी पहनाकर पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्षद आशा खटीक, विधा खटीक, संतोष खटीक, पूनम खटीक, प्रकाश खटीक, जगदीश खटीक, शंकर खींची, गटू खटीक, प्रकाश रामा खटीक, दिलीप खटीक कई समाजजन मौजूद थे।

## दिव्यांग जनों के राष्ट्रीय स्तर पुरस्कार केलिए आवेदन 25 अक्टूबर तकलिए जाएंगे

**वड़ताल।** श्री स्वामिनारायण मंदिर वडताल में आचार्य राजेश प्रसाद महाराज के आशीर्वाद व शुकदेव प्रसाद दास की प्रेरणा से विश्व विकलांग दिवस 3 दिसम्बर 2021 को दिव्यांगजनों के सम्मान के लिये राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है। इस कार्यक्रम मे दिव्यांगजनो द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिए दिव्यांगों को पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया जायेगा। भारत के सभी राज्यों के दिव्यांगजन पुरस्कार हेतु आवेदन मंदिर की वेवसाईट Www.GOKULD-HAMNAR.ORG पर दिनांक 25/10/2021तक कर सकेंगे। साथ ही दिनांक 05/12/2021 को निशुल्क दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग हाथ पैर गोकुल धाम नार वडताल में लगाए जाएंगे । यह जानकारी स्वामी भक्त समाज सेवक दिव्यांगो के लिए हितमय व प्रेरणादायी कार्य करने वाले राज्य स्तरीय पुरस्कृत हिमेश कुमार भट्ट काब्जा ने दी।

## वरुण गांधी ने लखीमपुर की घटना को हिंदू बनाम सिख बनाने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (BJP) के सांसद वरुण गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि लखीमपुर खीरी में पिछले दिनों हुई हिंसा की घटना को हिन्दू बनाम सिख बनाए जाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कोशिश ना सिर्फ अनैतिक व गलत धारणा पैदा करने वाली है बल्कि खतरनाक भी है। वरुण गांधी किसानों के मुद्दे पर लगातार अपनी राय रख रहे हैं। लखीमपुर खीरी में पिछले दिनों हुई हिंसा को लेकर भी उन्होंने वीडियो साझा किए थे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी।

इसके बाद भाजपा की नवगठित राष्ट्रीय कार्यसमिति से वरुण को बाहर कर दिया गया था। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, लखीमपुर खीरी की घटना को हिन्दू बनाम सिख की लड़ाई बनाने की एक कोशिश हो रही है।

यह ना सिर्फ अनैतिक व गलत विमर्श पैदा करने वाली है बल्कि ऐसी कोई रेखा खींचना और उनके घावों को हरा करने का प्रयास, जिसे भरने में पीढ़ियां खप गईं, खतरनाक है। हमें राजनीतिक फायदे के लिए राष्ट्रीय एकता को ताक पर नहीं रखना चाहिए।

## भारत विकास परिषद की विभिन्न शाखाओं की बैठक सागवाड़ा में हुई



**सागवाड़ा ।** भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय वित्त सचिव संपत खुर्दिया तथा राष्ट्रीय मंत्री डॉ जयराज आचार्य के मार्गदर्शन में रविवार को विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारियों की बैठक हुई । राष्ट्रीय वित्त सचिव खुर्दिया ने कहा कि सभी शाखाओं को चुनाव मार्च माह से पूर्व करवा लेने चाहिए ताकि समाज सेवा के कार्य को समय पर गति मिल सके । उन्होंने बताया कि सभी शाखाओं का बैंक में खाता एवं पैन कार्ड आवश्यक है तथा समय समय पर हिसाब कर लेना चाहिए । उन्होंने राय दी कि संभव हो तो सदस्यता राशि का रुपया बिल्कुल भी खर्च नहीं करें । खुर्दिया ने समाज के सभी लोगों से संपर्क बनाने तथा उन्हें भारत विकास परिषद से जोड़ने का आह्वान किया । राष्ट्रीय मंत्री डॉ . आचार्य ने कहा कि परिषद् की ओर से मनाए जाने वाले सभी त्योहार तथा प्रकल्पों में बढ़ - चढ़कर भाग लेना चाहिए । उन्होंने आमजन संपर्क बनाए रखने का आग्रह किया । प्रारंभ में सागवाड़ा शाखा अध्यक्ष नारायण लाल बनोत, नानुभाई पटेल, जीवनलाल पाटीदार , डॉ . हितेश शाह , ललित पंचाल ने अतिथियों का शाल ओढ़ा तथा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। बैठक में आसपुर, भीलूड़ा चीतरी , घाटा गांव एवं सागवाड़ा के पदाधिकारियों ने भाग लिया ।

अतिथियों ने शाखाओं की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली । सरोदा के अध्यक्ष धनपाल जैन बताया कि रीट परीक्षा के दौरान उनके पुत्र का जन्मदिन होने पर एक हजार आठ अभ्यर्थियों के भोजन की व्यवस्था की ।

## महाधिवेशन की तैयारियों को लेकर प्र्रगति मण्डल और युवा सेवा समिति की संयुक्त बैठक हुई

**सागवाड़ा।** गुजराती लेउवा पाटीदार समाज प्रगति मण्डल का 31अक्टूबर को भारत के लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती के दिन आयोजित होने वाले वार्षिक महाधिवेशन की तैयारियों को लेकर प्रगति मण्डल और युवा सेवा समिति की संयुक्त बैठक विद्यानगर पंचवटी सागवाड़ा में हुई। बैठक जिलाध्यक्ष शिवराम पाटीदार नादिया की अध्यक्षता में तथा शिक्षा संकुल के उपाध्यक्ष गोविन्द पाटीदार दिवड़ा छोटा के मुख्यातिथ्य में आयोजित हुई। विशिष्ट अतिथि युवा सेवा समिति के जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज पाटीदार भेमई तथा खेल समिति के जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार अम्बाडा थे। प्रगति मण्डल के जिला महामंत्री अरविन्द पाटीदार नयागांव ने अतिथियों का स्वागत करते हुवें बताया कि पाटीदार समाज का वार्षिक महाधिवेशन 31अक्टूबर को विद्यानगर सागवाड़ा में आयोजित किया जायेगा जिसमें पाटीदार समाज के नवनियुक्त कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मचारी, दसवीं, बारहवीं, डिग्री, पीजी, नीट, जेईई मेन्स, जेईई एडवांस की छात्र प्रतिभाएं, राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं अन्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जायेगा साथ ही प्रगति मण्डल के चुनाव कराकर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। आयोजन को लेकर बैठक में अतिथि निर्धारण, मोमेन्टो, पाण्डाल व भोजन व्यवस्था पर विचार विमर्श किया गया। मोहनलाल सेमलिया घाटा, दिनेश चन्द्र नन्दोड, डायालाल घाटा का गांव तथा अमृतलाल चिखली ने बैठक को सम्बोधित किया। कोषाध्यक्ष महेश पाटीदार जेठाणा ने बताया कि समाज की छात्र प्रतिभाएं अपनी अंकतालिका की छायाप्रति फ्लावर किड्स में 20 अक्टूबर तक जमा करा सकते हैं उसके बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। जिलाध्यक्ष शिवराम पाटीदार नादिया ने कहा कि सत्र 2020 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक तथा 2021 में 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्र प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। संचालन मोहनलाल वांदरवेड़ ने तथा आभार दिनकर पाटीदार अम्बाडा ने व्यक्त किया। कांतिलाल वान्दरवेड़, गौतमलाल नयागांव, प्रभुलाल सिलोही, रमणलाल वान्दरवेड़ उपस्थित थे। बैठक में चौखले वाइस दायित्व प्रदान कर प्रभारी नियुक्त किये गये। घाटा चौखले का प्रभारी डायालाल पाटीदार घाटा एवं दिनकर पाटीदार अम्बाडा, पाडवा चौखले से रमेशचन्द्र पाटीदार पाडवा, नन्दोड़ चौखले से दिनेशचन्द्र पाटीदार नंदोड़, दिवड़ा छोटा चौखले से कचरूलाल सिलोही ओर कांतिलाल वान्दरवेड़, भीलूड़ा चौखले से महेश जेठाणा और कांतिलाल कानपुर, पादरा चौखले से गणेशलाल पादरा, सामलिया चौखले से किशोर पाटीदार सामलिया, नादिया क्षेत्र से अमृतलाल चिखली, चौरासी क्षेत्र से पुरुषोत्तम करावाड़ा ओर प्रवीणकुमार धम्बोला तथा ओड से देवीलाल पाटीदार को प्रभारी बनाया गया है।